ॐ भूर्भुव: स्व: श्रीनर्मदेश्वरसाम्बसदाशिवाय नम:, गन्धानुलेपनं समर्पयामि। (चन्दन उपलेपित करे।)

सुगन्धित द्रव्य — ॐ त्र्यम्बकं यजामहे सुगन्धिं पुष्टिवर्धनम्।
उर्वारुकमिव बन्धनान्मृत्योर्मुक्षीय माऽमृतात्॥

ॐ भूर्भुव: स्व: श्रीनर्मदेश्वरसाम्बसदाशिवाय नम:, सुगन्धिद्रव्यं समर्पयामि। (सुगन्धित द्रव्य चढ़ाये।)

अक्षत — ॐ व्रीहयश्च मे यवाश्च मे माषाश्च मे तिलाश्च मे मुद्गाश्च मे खल्वाश्च मे प्रियङ्गवश्च मेऽणवश्च मे श्यामाकाश्च मे नीवाराश्च मे गोधूमाश्च मे मसूराश्च मे यज्ञेन कल्पन्ताम्।

ॐ भूर्भुवः स्वः श्रीनर्मदेश्वरसाम्बसदाशिवाय नमः, अक्षतान् समर्पयामि। (अक्षत चढ़ाये।)

पुष्पमाला — ॐ विज्यं धनुः कपर्दिनो विशल्यो बाणवाँ२ उत।

अनेशन्नस्य या इषव आभुरस्य निषङ्गधिः॥

ॐ भूर्भुवः स्वः श्रीनर्मदेश्वरसाम्बसदाशिवाय नमः, पुष्पमाला समर्पयामि। (पुष्पमाला चढ़ाये।)

बिल्वपत्र — ॐ नमो बिल्मिने च कवचिने च नमो वर्मिणे च वरूथिने च नमः श्रुताय च श्रुतसेनाय च नमो दुन्दुभ्याय चाहनन्याय च।

त्रिगुणं त्रिगुणाकारं त्रिनेत्रं च त्रिधायुतम्।

त्रिजन्मपापसंहारं बिल्वपत्रं शिवार्पणम्।

ॐ भूर्भुवः स्वः श्रीनर्मदेश्वरसाम्बसदाशिवाय नमः, बिल्वपत्राणि समर्पयामि। (बिल्वपत्र समर्पित करे।)

नानापरिमलद्रव्य—

ॐ अहिरिव भोगैः पर्येति बाहुं ज्याया हेतिं परिबाधमानः।
हस्तघ्नो विश्वा वयुनानि विद्वान् पुमान् पुमाꣳसं परि पातु विश्वतः॥

ॐ भूर्भुवः स्वः श्रीनर्मदेश्वरसाम्बसदाशिवाय नमः, नानापरिमल द्रव्याणि समर्पयामि। (विविध परिमलद्रव्य चढ़ाये।)

धूप — ॐ या ते हेतिर्मीढुष्टम हस्ते बभूव ते धनुः॥

तयाऽस्मान्विश्वतस्त्वमयक्ष्मया परि भुज॥

ॐ भूर्भुवः स्वः श्रीनर्मदेश्वरसाम्बसदाशिवाय नमः, धूपमाघ्रापयामि (धूप आघ्रापित करे।)

दीप — ॐ परि ते धन्वनो हेतिरस्मान् वृणक्तु विश्वतः।

अथो य इषुधिस्तवारे अस्मिन्नि धेहि तम्॥

ॐ भूर्भुवः स्वः श्रीनर्मदेश्वरसाम्बसदाशिवाय नमः, दीपं दर्शयामि। (दीप दिखलाये और हाथ धो ले।)

नैवेद्य — ॐ अवतत्य धनुष्ट्वᳯं सहस्राक्ष शतेषुधे।
निशीर्य शल्यानां मुखा शिवो नः सुमना भव॥

ॐ भूर्भुवः स्वः श्रीनर्मदेश्वरसाम्बसदाशिवाय नमः, नैवेद्यं निवेदयामि। नैवेद्यान्ते ध्यानम्,ध्यानान्ते आचमनीयं जलं समर्पयामि। (नैवेद्य निवेदित करे, तदन्तर भगवान् का ध्यान करके आचमन के लिये जल चढ़ाये।)

करोद्वर्तन— ॐ सिञ्चति परि षिञ्चन्त्युत्सिञ्चन्ति पुनन्ति च।
सुरायै बभ्र्वै मदे किन्त्वो वदति किन्त्वः॥

ॐ भूर्भुवः स्वः श्रीनर्मदेश्वरसाम्बसदाशिवाय नमः, करोद्वर्तनार्थे चन्दनानुलेपनं समर्पयामि। (चन्दन का अनुलेपन करे।)

ऋतुफल — ॐ याः फलिनीर्या अफला अपुष्पा याश्च पुष्पिणीः।
बृहस्पतिप्रसूतास्ता नो मुञ्चन्त्वᳯंहसः॥

ॐ भूर्भुवः स्वः श्रीनर्मदेश्वरसाम्बसदाशिवाय नमः, ऋतुफलानि समर्पयामि। (ऋतुफल समर्पित करे।)

ताम्बूल-पूगीफल — ॐ नमस्त आयुधायानातताय धृष्णवे।
उभाभ्यामुत ते नमो बाहुभ्यां तव धन्वने॥

ॐ भूर्भुवः स्वः श्रीनर्मदेश्रसाम्बसदाशिवाय नमः, मुखवासार्थे सपूगीफलं ताम्बूलपत्रं समर्पयामि। (पान और सुपारी चढ़ाये।)

दक्षिणा — ॐ यद्दत्तं यत्परादानं यत्पूर्तं याश्च दक्षिणाः।
तदग्निर्वैश्वकर्मणः स्वर्देवेषु नो दधत्॥

ॐ भूर्भुवः स्वः श्रीनर्मदेश्वरसाम्बसदाशिवाय नमः, कृतायाः पूजायाः साद्गुण्यार्थे द्रव्यदक्षिणां समर्पयामि। (द्रव्य-दक्षिणा समर्पित करे।)

आरती — ॐ आ रात्रि पार्थिवᳯं रजः पितुरप्रायि धामभिः।
दिवः सदाᳯंसि बृहती वि तिष्ठस आ त्वेषं वर्तते तमः॥

ॐ भूर्भुवः स्वः श्रीनर्मदेश्वरसाम्बसदाशिवाय नमः, कर्पूरार्तिक्यदीपं दर्शयामि। (कपूर की आरती करे।)

भगवान् गङ्गाधर की आरती

ॐ जय गङ्गाधर जय हर जय गिरिजाधीश।
त्वं मां पालय नित्यं कृपया जगदीश॥ १॥ ओं हर हर हर महादेव ॥
कैलासे गिरिशिखरे कल्पद्रुमविपिने।
गुञ्जति मधुकरपुञ्जे कुञ्जवने गहने॥
कोकिलकूजित खेलत हंसावन ललिता।
रचयति कलाकलापं नृत्यति मुदसहिता॥ २॥ ओं हर०॥
तस्मिंल्ललितसुदेशे शाला मणिरचिता।
तन्मध्ये हरनिकटे गौरी मुदसहिता॥
क्रीडा रचयति भूषारञ्जित निजमीशम्।
इन्द्रादिक सुर सेवत नामयते शीशम्॥ ३॥ ओं हर०॥
बिबुधबधू बहु नृत्यत हृदये मुदसहिता।
किन्नर गायन कुरुते सप्त स्वर सहिता।
धिनकत थै थै धिनकत मृदङ्ग वादयते।
क्वण क्वण ललिता वेणुं मधुरं नाटयते॥ ४॥ ओं हर०॥
रुण रुण चरणे रचयति नूपुरमुज्ज्वलिता।
चक्रावर्ते भ्रमयति कुरुते तां धिक तां॥
तां तां लुप चुप तां तां डमरू वादयते।
अंगुष्ठांगुलिनादं लासकतां कुरुते॥ ५॥ ओं हर०॥
कर्पूरद्युतिगौरं पञ्चाननसहितम्।
त्रिनयनशशिधरमौलिं विषधरकण्ठयुतम्॥
सुन्दरजटाकलापं पावकयुतभालम्।
डमरुत्रिशूलपिनाकं करधृतनृकपालम्॥ ६॥ ओं हर०॥
मुण्डै रचयति माला पन्नगमुपवीतम्।

वामविभागे गिरिजारूपं अतिललितम्॥
सुन्दरसकलशरीरे कृतभस्माभरणम्।
इति वृषभध्वजरूपं तापत्रयहरणम्॥ ७॥ ओं हर०॥
शङ्खनिनादं कृत्वा झल्लरि नादयते।
नीराजयते ब्रह्मा वेदऋचां पठते॥
अतिमृदुचरणसरोजं हृत्कमले धृत्वा।
अवलोकयति महेशं ईशं अभिनत्वा॥ ८॥ ओं हर०॥
ध्यानं आरति समये हृदये अति कृत्वा।
रामस्त्रिजटानाथं ईशं अभिनत्वा॥
संगतिमेवं प्रतिदिन पठनं यः कुरुते।
शिवसायुज्यं गच्छति भक्त्या यः शृणुते॥ ९॥ हर०॥

आरती के बाद जल गिरा दे। देवता को फूल चढ़ाये। फिर दोनों हाथों से आरती लेकर हाथ धो ले।

प्रदिक्षणा —

**ॐ मा नो महान्तमुत मा नो अर्भकं मा न उक्षन्तमुत मा न उक्षितम्।
मा नो वधीः पितरं मोत मातरं मा नः प्रियास्तन्वो रुद्र रीरिषः॥**

ॐ भूर्भुवः स्वः श्रीनर्मदेश्वरसाम्बसदाशिवाय नमः, प्रदक्षिणां समर्पयामि। (प्रदक्षिणा करे।)

पुष्पाञ्जलि—

**ॐ मा नस्तोके तनये मा न आयुषि मा नो गोषु मा नो अश्वेषु रीरिषः।
मा नो वीरान् रुद्र भामिनो वधीर्हविष्मन्तः सदमित् त्वा हवामहे॥
ॐ तत्पुरुषाय विद्महे महादेवाय धीमहि। तन्नो रुद्रः प्रचोदयात्।**

ॐ भूर्भुवः स्वः श्रीनर्मदेश्वरसाम्बसदाशिवाय नमः, मन्त्रपुष्पाञ्जलिं समर्पयामि। (मन्त्र-पुष्पाञ्जलि समर्पण करे, तदन्तर साष्टाङ्ग प्रणाम और पूजन कर्म शिवार्पण करे।)

नमः सर्वहितार्थाय जगदाधारहेतवे।
साष्टाङ्गोऽयं प्रणामस्ते प्रयत्नेन मया कृतः॥
पापोऽहं पापकर्माहं पापात्मा पापसम्भवः।
त्राहि मां पार्वतीनाथ सर्वपापहरो भव॥

ॐ भूर्भुवः स्वः श्रीनर्मदेश्वरसाम्बसदाशिवाय नमः, प्रार्थनापूर्वक-नमस्कारान् समर्पयामि। अनया पूजया श्रीनर्मदेश्वरसाम्बसदाशिवः प्रीयतां न मम। श्रीसाम्बसदाशिवार्पणमस्तु।

इसके बाद भगवान् शङ्कर की विशेष उपासना की दृष्टि से पञ्चाक्षर-मन्त्र का जप, रुद्राभिषेक तथा बिल्बपत्र एवं कमलपुष्पों से सहस्रार्चन आदि किये जा सकते हैं। अन्त में संक्षेप में उत्तराङ्ग-पूजन कर आरती, पुष्पाञ्जलि एवं स्तुति करनी चाहिये। शिवरात्रि आदि पर्वों में बिल्व-पत्रादि से शिवार्चन तथा रात्रि-जागरण की विशेष महिमा है।

—0—

नमस्ते इत्यस्य परमेष्ठी ऋषिः। गायत्री छन्दः। रुद्रो देवता। पाठे विनियोगः॥ १॥

भाष्यम् — हे रुद्र! यद्रोदनं रु दुःखं द्रावयति स रुद्रः। यद्वा रुद्रमुपशान्तयति। ये गत्यर्थास्ते ज्ञानार्थाः। रवणं रुत्, ज्ञानं। क्विप् तुगागमः। रुत्, ज्ञानं राति, ददातीति रुद्रः मोहनिवारकः परमेश्वरः। यद्वा पापिनो जनान् दुःखभोगेन दयतीति रोरुद्रः जगच्छासकः। हे रुद्र (ते) तव (मन्यवे) रोषाय (नमः) नमस्कारोऽस्तु। (उत) अपि (ते) तव (इषवे) शराय (नमः) नमस्कारोऽस्तु। (उत) अपि च (ते) तव बाहुभ्याम् भुजाभ्याम् (नमः)। तव क्रोधवाणहस्ता अस्मच्छत्रुष्वेव पतन्तु नास्मास्वित्यर्थः॥ १॥

भाषार्थ —हे दुःख के दूर करने अथवा ज्ञान के देने वाले अथवा पापीजनों को उनका कर्मफल देकर रुलाने वाले रुद्रदेव! आपके क्रोध के निमित्त नमस्कार है। और तुम्हारे बाणों के निमित्त नमस्कार है। और तुम्हारी दोनों भुजाओं के निमित्त नमस्कार है, अर्थात् हे रुद्रदेव! आपका क्रोध और बाणधारी हस्त शत्रुओं पर पड़े हमको शान्ति हो॥ १॥

विशेषतत्त्ववादी मेघों के अन्दर शक्तिमय रुद्र का निवास कहते हैं। गर्जना उनका क्रोध है। उल्का पात बाण हैं, समुद्र में उठे तरंग एक भुजा, और महाधारा वर्षा उनकी दूसरी भुजा-रूप हैं। उससे शत्रुओं का अनिष्ट हो, और हमको मंगल हो। अथवा पापियों के नाश को तुम बाण और क्रोधरूप हो। इस अध्याय में परमेश्वर का सगुणनिर्गुणरूप उग्रदेवोपासना से वर्णन किया गया है॥ १॥

या त इत्यस्य परमेष्ठी ऋषिः। आर्षीस्वराडनुष्टुपछन्दः। रुद्रो देवता। पा० वि०॥ २॥

भाष्यम् — (रुद्र) हे देव (या) (ते) तव (अघोरा) सौम्या (अपापकाशिनी) पापमसुखं काशयति, प्रकाशयति पापकाशिनी। न पापकाशिनी, या भक्तानाम् पुण्यफलमेव ददाति न पापफलमित्यर्थः। (शिवा) शान्ता मङ्गलरूपा (तनूः) शरीरमस्ति, (गिरिशन्तः) कैलाशवासी, गिरौ कैलासे स्थितः प्राणिनां शं सुखं विस्तारयति वा गिरि वाचि स्थितः)। शं तनोति वा गिरौ मेघे स्थितो वृष्टिद्वारेण शं तनोति वा

गिरौ शेते गिरिशः। अमति गच्छति जानातीति वा अन्तः सर्वज्ञः, अमगतौ भजने शब्दे कर्तरि क्तः। गिरिशश्चासावन्तश्च गिरिशन्तस्तत्सम्बुद्धिः शकन्ध्वादित्वात्पररूपम्। (तया) शन्तमया) सुखतमया (तन्वा) शरीरेण (नः) अस्मान् (अभिचाकशीहि) अभिपश्य॥ २॥

भाषार्थ —कैलासपर्वत स्थिर होकर प्राणियों के सुख को विस्तार करने वाले अथवा वाणी में स्थित होकर सुख का विस्तार करने वाले अथवा मेघ में स्थित होकर वर्षा आदि के रूप से सुख को विस्तार करने वाले, वा पर्वत पर शयन करने वाले सर्वज्ञ, हे रुद्र! जो तुम्हारा शान्त मंगलरूप विषमतारहित होने से सौम्य, पापफल को न देकर पुण्यफल को ही देने वाले शरीर से हमको अवलोकन कीजिये॥ २॥

विशेष —जो सर्वव्यापी आत्मा का भी आत्मा है दृश्य अदृश्य संपूर्ण शरीरों में उसकी स्थिति है केवल तत्त्व विचारवाले कहते हैं कि इस मन्त्र में रुद्र का मेघोदयरूप शरीर देखने की प्रार्थना है, किन्तु जिससे गृहपतन और बाढ़ की प्राप्ति हो उसकी उदय की प्रार्थना नहीं है। किन्तु जिसके उदय से कृषि आदि की उन्नति हो उसकी प्रार्थना है। यहां रुद्र का कल्याणमय शरीर और कैलाश होने से शिव के विग्रह का भी कथन किया गया है; अथवा हे रुद्र! आपका कल्याणकारी विस्तार मनोहर है; पापों को दूर करके हमको सुख दो। इससे सगुण ब्रह्म प्रतिपादित है॥ २॥

यामिषुमित्यस्य परमेष्ठीऋषि। विराडार्ष्यनुष्टुप् छं०। रुद्रो देवता। पा० वि०॥ ३॥

भाष्यम् —**(गिरिशन्त) देव (याम्) (इषुम्) शरम् (अस्तवे) शत्रून् क्षेप्तुं (हस्ते) करे (विभर्षि) धारयसि। (गिरित्र) गिरौ कैलासे स्थित्वा भूतानि त्रायते इति तत्सम्बुद्धिः। (ताम्) बाणम्(शिवाम्) कल्याणकारिणीं (कुरु)। किञ्च (पुरुषम्) पुत्रपौत्रादिकम् (जगत्) जङ्गममन्यदपि गवाश्वादिकम् (मा हिꣳसीः) मा वधीः सर्वथाऽस्मद्गेहे शान्तिं कुर्वित्यर्थः॥ ३॥**

भाषार्थ —हे वेदवाणी में स्थित व पर्वत पर उदित मेघवृन्द के अन्दर स्थित होकर जगत् का कल्याण करने वाले; कैलाश व वेदवाणी में स्थित होकर

प्राणियों की रक्षा करने वाले तुम जिस बाण को शत्रुओं के नाश व प्रलय में जगत् के अस्त करने को हाथ में धारण करते हो; हे रक्षक! उस बाण को कल्याणकारी करो। पुत्र पौत्र आदि जगत् के गवाश्वादि को मत मारो, अर्थात् अकाल में हमको और इस संपूर्ण जगत् को नष्ट मत करो॥ ३॥

विशेष —गिरिशृङ्ग में जो रहते हैं निम्न भाग में मेघोपद्रव उनका अनिष्ट नहीं कर सकते। इस निमित्त अधश्चारी दुर्घटना के अन्दर स्थित देवता को गिरित्र कहते हैं। यह तत्त्ववादी जन कहते हैं॥ ३॥

शिवेनेत्यस्य परमेष्ठी ऋषिः। निच्यृदार्ष्यनुष्टुप् छन्दः। रुद्रो देवता। पाठे वि०॥ ४॥

भाष्यम् —(गिरिश) गिरौ कैलासे शेते गिरिशः तत्सम्बुद्धौ हे गिरिश! (शिवेन) मंगलरूपेण (वचसा) वचनेन (त्वा) त्वाम् (अच्छ) प्राप्तुम् (वदामसि) वदामः प्रार्थयामहे; (नः) अस्माकम् (सर्वम्) सम्पूर्णम् (जगत्) जंगमं मनुष्यपश्वादि (यथा) येन प्रकारेण (अयक्ष्मम्) (व्याधिरहितम्) (सुमनः) शोभनं मनः (असत्) तथा कुर्वित्यर्थः॥ ४॥

भाषार्थ —हे वेदवचन वा कैलास में शयन करने वाले! मंगलस्तुतिरूप वचन से तुमको प्राप्त होने को हम प्रार्थना करते हैं। हमको सब ही जंगम, मनुष्य, पशु आदि जिस प्रकार नीरोग शुभ मन वाला होवे सो करो, अर्थात् यह जगत् स्वस्थ और रोगरहित हो। यही आपसे हमारी प्रार्थना है सो स्वीकार करो॥ ४॥

विशेष —जिसका उदय सर्वदा ही पर्वत पृष्ठ पर देखा जाता है, ऐसे मेघ के अन्दर स्थित देवता को गिरिश कहते हैं, यह तत्त्ववादी जनों का कथन है। तात्पर्य यह है कि रुद्रदेवता सर्वत्र विद्यमान है। वह जगत् में मंगल करे प्रजा में कोई रोग न हो॥ ४॥

अध्यवोचदित्यस्य प्रजापतिर्ऋषिः। भुरिगार्षी बृहती छन्दः। रुद्रो देवता॥ पा० वि०॥ ५॥

भाष्यम्—(अधिवक्ता) अधिवदनशीलः निगमकथनतत्परः (प्रथमः) पूज्यत्वात्सर्वेषां मुख्यः (दैव्यः) देवेभ्यो हितः (भिषक्) स्मरणेनैव रोगनाशको रुद्रः (अध्यवोचत्) मां सर्वाधिकं वदति, अयं याजकः

सर्वाधिको भवत्विति। परोक्षमुक्त्वा प्रत्यक्षमाह-हे रुद्र! (च) (सर्वान्) सम्पूर्णान् (अहीन्) सर्पव्याघ्रादीन् (जम्भयन्) विनाशयन् (सर्वाः) समस्ताः (अधराचीः) अधोगमनशीलाः (यातुधान्यः) राक्षसीः (च) परासुव अस्मत्तो दूरीकुरु ॥ ५ ॥

भाषार्थ—अधिक वदनशील सर्वदा निगम कथन करने वाले, सब देवताओं में मुख्य, पूजनीय, देवताओं के हितकारी, स्मरण से ही संसार तथा जन्म मरण के रोग नाशक रुद्र हमको सबसे अधिक कहें, अर्थात् सबसे अधिक करें और सब सर्प व्याघ्रादि को विनाश करते हुए संपूर्ण अधोगमनशील राक्षसी आदि को भी हमसे दूर करो ॥ ५ ॥

अध्यात्म— परमात्मा, हमको महावाक्य का उपदेश करो और सर्प के समान डसने वाले काम आदि को नाश करो, और अधोगमनशील कामकला रूपी राक्षसियों को दूर करो, अथवा संपूर्ण विद्याओं के कहने से ही यह सबमें श्रेष्ठ गिने जाते हैं। इसी से दिव्यगुणयुक्त ज्ञान से सबके संसारी रोग के दूर करने वाले हैं ॥ ५ ॥

जड़वादी कहते हैं कि, गर्जन ही प्रधान शब्द है। अतिवृष्टि होने से ज्वरादि रोग और सर्पों का प्रादुर्भाव होता है। इनसे मृत्यु-संख्या अधिक होने की संभावना है, प्रेतभय उपस्थित न हो इस कारण तीनों भय के निवारण करने के निमित्त रुद्र देव से प्रार्थना है ॥ ५ ॥

असौ य इत्यस्य प्रजापतिर्ऋषिः। विराडार्षी पंक्तिश्छन्दः। रुद्रो देवता। पा० वि० ॥ ६ ॥

भाष्यम् — आदित्यरूपेणाऽत्र रुद्रः (स्तूयते)-(यः असौ) प्रत्यक्षो रुद्रो रविरूपश्च (ताम्रः) उदयेऽत्यन्तरक्तवर्णः) (च अरुणः) अरुणरूपः (उत) अपि (बभ्रुः) अस्तकाले पिंगलवर्णः, (सुमंगलः) शोभनानि मंगलानि यस्य सः। सूर्योदये सर्वमंगलप्रवर्तनात् क्रमेणैतानि रूपाणि दधातीत्यभिप्रायः। अथवा असौ यस्ताम्रः अरुणः सुमंगलः प्रयोजनवशात् नानारूपाणि करोति। (च) पुनः (ये) सहस्रशः) सहस्रशः संख्याः (रुद्राः) रुद्राः (एनम्) (अभितः) सर्वतः (दिक्षु) प्राच्यादिदिक्षु (श्रिता) आश्रिताः (एषाम्) रुद्राणाम् (हेडः) अस्मदपराधजं क्रोधम् (ईमहे) भक्त्या निवारयामः ॥ ६ ॥

भाषार्थ— जो यह प्रत्यक्ष रुद्र सूर्यरूप उदय समय में अत्यन्त लालवर्ण, अस्त के समय रक्त वर्ण और मध्याह्न समय में पिंगलवर्ण मंगल रूप कर्मों का उदय में विस्तार करने वाले हैं, और जो सहस्रों रुद्रांशरूप वा किरण रूप से इनके सब ओर दिशाओं में स्थित हैं, अर्थात् जो सब सहस्रों देवता नक्षत्र मंगल इन देवता के दसों दिशाओं में देदीप्यमान हैं इन्हीं का क्रोध हम भक्ति द्वारा निवारण करते हैं ॥ ६ ॥

असौ य इत्यस्य प्रजापतिर्ऋषिः। विराडार्षी पंक्तिश्छन्दः। रुद्रो देवता। पाठे वि० ॥ ७ ॥

भाष्यम् —(यः) (असौ) आदित्यरूपः (नीलग्रीवः) विषधारणेन नीला ग्रीवा कण्ठो यस्य अस्तमये नीलकण्ठ इव लक्ष्यः (उत) (विलोहितः) रक्तः (अवसर्पति) उदयास्तमयौ कुर्वन्निरन्तरं गच्छति (एनम्) रुद्रम् (गोपाः) गोपालाः वेदोक्तसंस्कारहीनाः (अदृश्रन्) पश्यन्ति (उदहार्यः) जलहारिण्यो योषित अपि (अदृश्रन्) पश्यन्ति (सः) शंकरः (दृष्टः) दृष्टः सन् (नः) अस्मान् (मृडयाति) सुखयतु ॥ ७ ॥

भाषार्थ—जो यह विषधारण से नीलग्रीव वा अस्त समय में नीलकंठ के समान और विशेष रक्तवर्ण आदित्य रूप से उदय-अस्त करते निरन्तर गमन करते हैं, इनको वेदोक्त संस्कारहीन गोपाल तक देखते हैं, जल ले जाने वाली नारियाँ भी दर्शन करती हैं, वह रुद्र दर्शन पथ में गोपाल नदी आदि के तीर पर पनिहारी इनकी शोभा अतिशय देखती हैं। पक्षान्तर में इन्द्रियों के रक्षक देव गोप और अमृत की प्राप्ति करने वाली प्रज्ञाशक्ति उदकहारी है ॥ ७ ॥

नमोऽस्त्वित्यस्य। प्रजापतिर्ऋषिः। निच्यृदार्ष्यनुष्टुप् छन्दः। रुद्रो देवता॥ पाठे वि० ॥ ८ ॥

भाष्यम् —(नीलग्रीवाय) नीलकण्ठाय (सहस्राक्षाय) सहस्रमक्षीणि यस्य इन्द्रस्वरूपीणि (मीढुषे) वृष्टिकर्त्रे पर्जन्यरूपाय (नमः) नमस्कारः (अस्तु) भवतु। (अथो) अपि (अस्य) रुद्रस्य (ये) सत्त्वानः प्राणिनः सेवकाः सन्ति (तेभ्यः) (अहम्) स्तुतिकर्ता (नमः) नमस्कारं (अकरम्) करोमि ॥ ८ ॥

भाषार्थ — नीलकण्ठ, सहस्रनेत्र, सब जगत् को देखने वाले, अथवा इन्द्रस्वरूप वा बहु-रश्मि रूप सेचन में समर्थ पर्जन्यरूप रुद्र के निमित्त नमस्कार

हो। और इस रुद्र देवता के जो अनुचरविशेष हैं, मेषादि राशि हैं, उनके निमित्त मैं नमस्कार करता हूँ। तात्पर्य यह कि सब ही शिवरूप हैं सब में रुद्र वर्तमान है॥ ८॥

प्रमुञ्चेत्यस्य प्रजापतिर्ऋषिः। भुरिगार्ष्युष्णिक् छन्दः। रुद्रो देवता। पाठे विनि०॥ ९॥

भाष्यम् —(भगवः) हे भगवन् परमैश्वर्यसम्पन्न (धन्वनः) धनुषः (उभयोः) द्वयोः (आर्त्न्योः) कोट्योः स्थिताम् (ज्याम्) मौर्वीम् (त्वं) (प्रमुञ्च) दूरीकरु (च) (याः) (ते) तव (हस्ते करे) (इषवः) बाणाः सन्ति (ताः) शरान् (परावप) पराक्षिप॥ ९॥

भाषार्थ— हे षडैश्वर्य-संपन्न भगवन्। आप धनुष की दोनों कोटियों में स्थित ज्या को दूर करो अर्थात् उतार लो। और जो आपके हाथ में बाण है उनको दूर त्याग दो। हमारे निमित्त सौम्यमूर्ति हो जाओ। हमारे लिए किसी प्रकार का रोग-शोक न हो यही आपसे प्रार्थना है॥ ९॥

विज्यन्धनुरित्यस्य प्रजापतिर्ऋषिः भुरिगार्ष्यनुष्टुप्छन्दः। रुद्रो देवता। पाठे वि०॥ १०॥

भाष्यम् —(कपर्दिनः) कपर्दो जटाजूटोऽस्यास्तीति कपर्दी, तस्य रुद्रस्य (धनुः) शरासनम् (विज्यम्) मौर्वीरहितमस्तु, (उत) च बाणवान् इषुधिः (विशल्यः) विफलोऽस्तु, (अस्य) रुद्रस्य (याः) (इषवः) शराः ताः (अनेशन्) नश्यन्तु, (अस्य) रुद्रस्य (निषंगधिः) कोशः सः (आभुः) खड्गरहितोऽस्तु। रुद्रः अस्मान्प्रति न्यस्तसर्व-शस्त्रोऽस्त्वित्यर्थः॥ १०॥

भावार्थ— जटाजूटधारी रुद्र का धनुष ज्या-रहित हो, और तरकस भाल वाले बाणों से रीता हो, इन देवता के जो बाण है वे अदर्शन को प्राप्त हों, इनके खड्ग रखने का कोश रीता हो अर्थात् रुद्र हमारे प्रति सर्वथा न्यस्तशस्त्र हों॥ १०॥

या त इत्यस्य प्रजापतिर्ऋषिः। निच्यृदनुष्टुप्छन्दः। रुद्रो देवता। पाठे वि०॥ ११॥

भाष्यम् —(मीढुष्टम) सेक्तृतम ववर्षुक (ते) तव हस्ते (या) (हेतिः) धनूरूपमायुधमस्ति (ते हस्ते) करे (धनुः) धनुः (बभूव) अस्ति

(तया) धनूरूपया (अयक्ष्मया निरुपद्रवया दृढया हेत्या (विश्वतः) सर्वतः (अस्मान्) नः (परिभुज) परिपालय॥ ११ ॥

भाषार्थ —हे अत्यन्त ज्ञानामृत वा वर्षा से सींचने वाले तुम्हारे हाथ में जो आयुध है आपके हाथ में जो धनुष है उस उपद्रव रहित धनुषरूप हेति से आप सब ओर से हमको पालन करो अर्थात् आप वर्षा करने वाले अस्त्र को ही धारण कीजिए किन्तु उससे कोई उपद्रव न हो॥ ११ ॥

परीत्यस्य प्रजापतिर्ऋषिः। निच्यृदार्ष्यनुष्टुप्छन्दः। रुद्रो देवता। पाठे वि० ॥ १२ ॥

भाष्यम् — **हे रुद्र (ते) तव (धन्वनः) धनुः सम्बन्धि (हेतिः) आयुधम् (विश्वतः) सर्वतः (अस्मान्) परिवृणक्तु (त्यजतु)। अथो (अपिच) यः (तव) (इषुधिः) कोशोऽस्ति (तम् अस्मत्) सकाशात् (आरे) दूरे (निधेहि) स्थापय॥ १२ ॥**

भाषार्थ—हे रुद्र! तुम्हारे धनुषसंबंधी आयुघ सब ओर से हमको त्याग करें और जो तुम्हारा तरकस है उसको हमारे निकट से दूर स्थापन करो। आशय यह कि हमारे कर्मो द्वारा जो व्याधि होती है वह तुम्हारी सत्ता से है सो हमको कष्ट न दें॥ १२ ॥

अवतत्येत्यस्य प्रजापतिर्ऋषिः। निच्यृदार्ष्यनुष्टुप् छन्दः। रुद्रो देवता पाठे वि० ॥ १३ ॥

भाष्यम्— (सहस्त्राक्ष) सहस्त्रमक्षीणि यस्य तत्सम्बुद्धौ, (शतेषुधे) शतमिषुधयो यस्य तत्सम्बुद्धौ, (त्वम्) (धनुः) शरासनम् (अवतत्य) अपज्याकं कृत्वा (शल्यानाम्) शराणाम् (मुखाः) अग्राणि (निशीर्य) शीर्णानि कृत्वा (नः) अस्मान्प्रति (शिवः) शान्तः (सुमनाः) शोभनचित्तश्च (भव) अनुगृहाणेत्यर्थः॥ १३ ॥

भाषार्थ —हे विराट्! हे सहस्त्रनेत्र! हे सहस्त्रों तरकस वाले तुम धनुष को ज्या रहित करो और बाणों के मुख (भाल) निकाल कर हमको शान्त, शोभनचित्त हो अर्थात् हम पर कृपा करो॥ १३ ॥

नमस्त इत्यस्य प्रजापतिर्ऋषिः। भुरिगार्ष्युष्णिक् छन्दः। रुद्रो देवता०। पाठे वि० ॥ १४ ॥

भाष्यम्— हे रुद्र (ते) तव (अनातताय) धनुष्यनारोपिताय (आयुधाय) बाणाय (नमः) नमोऽस्तु। (ते) तव (धृष्णवे) धर्षशीलाय रिपून् हन्तुं प्रगल्भाय (धन्वने) धनुषेऽपि (नमः) नतिरस्तु। (उत) च (ते) तव (आभ्याम्) द्वाभ्याम् (बाहुभ्याम्) भुजाभ्याम् (नमः) नमस्कारोऽस्तु॥ १४॥

भाषार्थ—हे रुद्र! आप के धनुष पर न चढ़ाये हुए बाण के निमित्त नमस्कार है, आपके दोनों बाहुओं के निमित्त और आपके शत्रु में प्रगल्भ धनुष के निमित्त नमस्कार है॥ १४॥

मा नो महान्तम् इत्यस्य कुत्स ऋषिः। निच्यृदार्षी जगती छन्दः। रुद्रो देवता॥ पाठे वि०॥ १५॥

भाष्यम् —हे रुद्र (नः) अस्माकम् (महान्तम्) वृद्धं गुरुपितृव्यादिकम् (मा वधीः) मा हिंसीः। (उत) अपि (नः) अस्माकम् (अर्भकम्) बालकम् (मा) मा वधीः)। (नः) अस्माकम् (उक्षन्तम्) सिञ्चन्तं तरुणम् (मा) मा वधीः। (उत) अपि (नः) अस्माकम् (उक्षितम्) सिक्तं गर्भस्थम् (मा) मा वधीः। (नः) अस्माकम् (पितरम्) जनकम् (मा) मा वधीः। (उत) अपि (नः) (मातरम्) जननीम् (मा) मा वधीः। (नः) अस्माकम् (प्रियाः) वल्लभाः (तन्वः) पुत्रपौत्ररूपाणि शरीराणि (मा रीरिषः) मा हिंसीः)॥ १५॥

भाषार्थ —हे रुद्र! हमारे वृद्ध गुरु पितृव्य आदि को कर्मानुसार मत मारो। और बालक को मत मारो, हमारे तरुण को मत मारो और हमारे गर्भस्थ बाल को मत मारो, हमारे पिता को मत मारो, और हमारी माता को मत मारो, हमारे प्यारे शरीर पुत्र पौत्र आदि को मत मारो। आशय यह कि, यदि कर्मानुसार उनकी आयु पूरी हो गई हो तो भी आपकी कृपा होनी चाहिये॥ १५॥

मा नस्तोक इत्यस्य कुत्स ऋषिः। निच्यृदार्षी जगती छन्दः। रुद्रो देवता। पाठे वि०॥ १६॥

भाष्यम् —हे रुद्र! (नः) अस्माकम् (तोके) पत्रे, (तनये) पौत्रे (मा रीरिषः) मा हिंसीः। (नः आयुषि) जीवने (मा) मा हिंसीः। (नः) गोषु (धेनुषु (मा) मा हिंसी। (नः) (अश्वेषु) तुरगेषु (मा) मा हिंसीः। (नः भामिनः) क्रोधयुतान् (वीरान्) भृत्यान् (मा वधीः) मा हिंसीः।

(हविष्मन्तः) हविर्युक्ताः (सदमित्) सदैव (त्वा) (हवामहे) वयं यागायाह्वयामः। त्वदेकशरणा वयमित्यर्थः॥ १६॥

भाषार्थ —हे रुद्र! हमारे पौत्र पुत्र को मत मारो, हमारी आयु को मत नष्ट करो, हमारी गौओं में प्रहार मत करो, हमारे घोड़ों में प्रहार मत करो, हमारे क्रोधयुक्त वीरपुरुषों को मत मारो। हवियुक्त निरन्तर आपको हम यज्ञ के निमित्त आह्वान करते हैं। अर्थात् आपकी ही शरण हैं। तात्पर्य यह है कि —ईश्वर रुद्र किसी को नहीं मारते पर कर्मानुसार रोगादि में अपनी शक्ति की प्रेरणा करते हैं। उन पापों से अनिष्ट न होने की प्रार्थना है॥ १६॥

नम इत्यस्य कुत्स ऋषिः। निच्यृदतिधृतिश्छन्दः। रुद्रो देवता। पाठे विनियोगः॥ १७॥

भाष्यम् — (हिरण्यवाहवे) हिरण्यमाभरणरूपं वाह्वोर्यस्य स हिरण्यबाहुः, तस्मै (सेनान्ये) सेनां नयतीति सेनानीः तस्मै (नमः) रुद्राय नमः। (च) विशांपतये) पालकाय रुद्राय (नमः)। (हरिकेशेभ्यः) हरितवर्णाः केशाः पर्णरूपाः येषां ते हरिकेशास्तेभ्यः, (वृक्षेभ्यः) वृक्षरूपरुद्रेभ्यः (नमः)। (पशूनाम्) जीवानाम् (पतये) पालकाय रुद्राय (नमः)। (त्विषीमते) त्विषिर्दीप्तिरस्यास्ति तस्मै (शष्पिञ्जराय) शष्पं बालतृणं तद्वत्पिञ्जराय पीतरक्तवर्णाय रुद्राय (नमः) नमोऽस्तु। (पथीनाम्) मार्गाणां पालकाय रुद्राय (नमः)। (हरिकेशाय) नीलवर्णकेशाय जरारहिताय (उपवीतिने (मंगलार्थयज्ञोपवीतधारिणे रुद्राय (नमः) नतिरस्तु। (पुष्टानाम्) गुणपूर्णानां नराणाम् (पतये) पालकाय स्वामिने (नमः) नमोऽस्तु॥ १७॥

भाषार्थ—भुजाओं में सुर्वण धारण करने वाले महाबाहु सेनापालक रुद्र के निमित्त नमस्कार है, दिशाओं के अधिपति अर्थात् समस्त जगत् को अपनी भुजाओं के नीचे रक्षा करने वाले सेनापति के निमित्त भी नमस्कार है, पर्णरूप हरे बालों वाले वृक्षरूप रुद्रों के निमित्त बारंबार नमस्कार है, जीवों के पालन करने वाले रुद्र के निमित्त नमस्कार है, कान्तिमान् बालतृणवत् पीतवर्ण वाले रुद्र के निमित्त नमस्कार है, मार्गों के पालन करने वाले रुद्र के निमित्त नमस्कार है, मंगल के निमित्त उपवीत धारण करने वाले नीलवर्ण केश वा जरारहित रुद्र के निमित्त नमस्कार है, गुणपूर्ण मनुष्यों के स्वामी रुद्र के निमित्त नमस्कार है॥ १७॥

तात्पर्य—तात्पर्य यह कि मार्गों में शान्तरूप रुद्र है, अश्वत्थादि वृक्षों पर जैसे आकाश-बेल आदि निर्मूल लताएँ होती हैं तद्वत् यज्ञोपवीत धारण किए हैं। विना रुद्र के किसी की स्थिति नहीं हो सकती। इससे रुद्र सबके स्वामी कहलाते हैं॥ १७॥

नम इत्यस्य कुत्स ऋषिः। निच्यृदष्टिश्छन्दः। रुद्रो देवता। पाठे वि०॥ १८॥

भाष्यम् — (बभ्लुशाय) कपिलवर्णाय यद्वा-बिभर्ति रुद्रमिति बभ्लुबृर्षभस्तस्मिन् शेते स बम्लुशस्तस्मै रुद्राय (नमः)। (व्याधिने) विध्यति शत्रूनिति व्याधी तस्मै रुद्राय नमः। (अन्नानाम्) धान्यानाम् (पतये) पालकाय (नमः) नमः। भवस्य (संसारस्य) हेत्यै) आयुधाय संसारनिवर्तकाय रुद्राय (नमः) नतिरस्तु। (जगतां पतये) पालकाय रुद्राय (नमः) नमः। (आततायिने) आततेन विस्तृतेन धनुषा सह एति गच्छतीति आततायी उद्यतायुधस्तस्मै रुद्राय (नमः)। (क्षेत्राणाम्) देहानाम् (पतये) रक्षकाय पालकाय (नमः)। (अहन्त्रे) न हन्तीति अहन्ता तस्मै। (सूताय) सारथये तद्रूपाय (नमः)। (वनानाम्) अरण्यानाम् (पतये) पालकाय (नमः) नमोऽस्तु॥ १८॥

भाषार्थ—कपिलवर्ण वा वृषभ पर स्थित होने वाले शत्रुओं को बेधने वाले व्याधिरूप रुद्र को नमस्कार है। अन्नों के पालक रुद्रों के निमित्त नमस्कार है, संसार के आयुघ अर्थात् संसार निवर्तक रुद्र के निमित्त नमस्कार है, संसार के पालक रुद्र के निमित्त नमस्कार है, उद्यत आयुध वाले रुद्र के निमित्त नमस्कार है, देहों के पालन करने वाले रुद्र के निमित्त नमस्कार है, नहीं मारने वाले, पाप से रक्षक प्रधान सारथी रूप के निमित्त नमस्कार है, वनों के पालक के निमित्त नमस्कार है॥ १८॥

विवरण—रोगियों का रक्तह्रास होने पर जो वर्ण होता है उसको बभ्लुश कहते हैं॥ १८॥

नम इत्यस्य कुत्स ऋषिः। विराडतिधृतिश्छन्दः। रुद्रो देवता पाठे विनियोगः॥ १९॥

भाष्यम् —(रोहिताय) लोहितवर्णाय (स्थपतये) स्थपर्तिगृहादिकर्ता विश्वकर्मरूपेण तस्मै (नमः) नतिरस्तु। (वृक्षाणाम्) तरूणाम् (पतये)

पालकाय (नमः)। (भुवन्तये) भूमण्डलविस्तारकारिणे (वारिवस्कृताय) स्थानभोग्यकराय (नमः) नमोऽस्तु। (ओषधीनाम् ग्राम्यारण्यानामोषधीनाम् (पतये) पालकाय (नमः) नमोऽस्तु। (मंत्रिणे) सचिवरूपिणे (वाणिजाय) व्यापारकर्त्रे रुद्राय (नमः) नमोऽस्तु। (कक्षाणाम्) वनोत्पन्ना गुल्मवीरुधादयः कक्षास्तेषाम् (पतये) पालकाय (नमः) नमोऽस्तु। (उच्चैःघोषाय) युद्धे महाशब्दाय (आक्रन्दयते) रिपुरोदकाय (नमः) नमोऽस्तु। (पत्तीनाम्) पदातीनाम् (पतये) पालकाय (नमः) नमोऽस्तु॥ १९॥

भाषार्थ —लोहितवर्ण गृहादिकर्ता विश्वकर्मरूप के निमित्त नमस्कार है, वृक्षों के पालक के निमित्त नमस्कार है, भूमंडल के विस्तार करने वाले स्थानभोग्य करने वाले के निमित्त नमस्कार है, ग्राम्य और आरण्य औषधियों के पालक के निमित्त नमस्कार है, आलोचन में कुशल व्यापार कर्ताओं के रूप में स्थित के निमित्त नमस्कार है, वन के गुल्मवीरुधादि के निमित्त नमस्कार है, शत्रुओं के रुलाने वाले, युद्ध में बड़ा उग्र शब्द करने वाले रुद्र के निमित्त नमस्कार है, एक रथ, एक हाथी तीन घोड़े, पांच पैदल का नाम पत्ति है। इस प्रकार सेनाविशेष के पालक रुद्र के निमित्त नमस्कार है॥ १९॥

विशेष —स्थपति-शब्द से गृह आदि निर्माण करने वाले इनके मन में सदा ही इष्टका की चिन्ता लगी रहती है, इस कारण इनका अन्तर्- देवता लोहितवर्ण कहा है, कारण कि इष्टका लाल होती है॥ १९॥

नम इत्यस्य कुत्स ऋषिः। अतिधृतिश्छन्दः। रुद्रो देवता। पाठे वि०॥ २०॥

भाष्यम् —(कृत्स्नायतया) कृत्स्नं समग्रमायतं विस्तृतम् अर्थाद्धनुर्यस्य स कृत्स्नायतस्तस्य भावः कृत्स्नायता तया आकर्णपूर्णधनुष्ट्वेन (धावते) युद्धे शीघ्रं गच्छते रुद्राय (नमः) नतिरस्तु। अथवा कृत्स्नः सर्व आयो लाभो यस्य सः कृत्स्नायस्तस्य भावः कृत्स्नायता तया (धावते) सर्वलाभप्रापकत्वेन धावते। (सत्त्वानाम्) शरणागतानां प्राणिनाम् (पतये) पालकाय (नमः) नमोऽस्तु। (सहमानाय) अभिभवनशीलाय (निव्याधिने) नितरां विध्यति हन्ति शत्रूनिति निव्याधी तस्मै (नमः)। (आव्याधिनीनाम्)

'आ समन्ताद्विध्यन्तीत्याव्याधिन्यः शूरसेनास्तासाम् (पतये) पालकाय (नमः)। (निषङ्गिणे) खड्गयुक्ताय (ककुभाय) महते रुद्राय नमः। (स्तेनानाम्) गुप्तचोराणाम् (पतये) पालकाय (नमः)। (निचेरवे) नितरां चेरुः निचेरुः तस्मै (परिचराय) परितः चरतीति परिचरस्तस्मै (नमः)। (अरण्यानाम्) वनानाम् (पतये) पालकाय (नमः) नतिरस्तु॥ २०॥

भाषार्थ —जो हमारी रक्षा निमित्त कर्णपर्यन्त धनुष खेंचकर धावमान होते हैं, उन रुद्र के निमित्त नमस्कार है, अथवा सब लाभ प्राप्त करने वाले के निमित्त नमस्कार है, शरण में आये हुए प्राणियों के पालक रुद्र के निमित्त नमस्कार है, शत्रुओं का तिरस्कार करने वाले, शत्रुओं को अधिक मारने वाले के निमित्त नमस्कार है, सब प्रकार के प्रहार करने वाली शूद्रसेनाओं के पालक के निमित्त नमस्कार है, उपद्रवकारियों पर खड्ग चलाने वाले महान् रुद्र के निमित्त नमस्कार है, गुप्तधनहारी जनों के, समरूप होने से, पालन करने वाले के निमित्त नमस्कार है, अपहार की बुद्धि से निरन्तर फिरने वाले अथवा आपण स्थान में हरण की इच्छा से फिरने वालों (गठकटों) के अन्तर्यामी के निमित्त नमस्कार है, वनों के पालन करने वाले के निमित्त नमस्कार है॥ २०॥

विवरण —जगत् भर में सर्वात्मा रुद्र हैं, इस कारण से स्तेनादि भी रुद्ररूप हैं। स्तेनादि के शरीर में जीव, ईश्वर इन दो रूपों से ईश्वर स्थित हैं, जीवरूप स्तेनादि शब्दवाच्य है, ईश्वर रूद्र रूप से लक्षित है— जैसे शाखा के अग्र से चन्द्रमा को दिखाते हैं इस प्रकार लक्ष्यार्थ की विवक्षासे मंत्रों में लौकिक शब्द लिखे गये हैं॥ २०॥

नमो वञ्चत इत्यस्य कुत्स ऋषिः। निच्यृदतिधृतिश्छन्दः। रुद्रो देवता। पाठे वि०॥ २१॥

भाष्यम्—(वञ्चते) वञ्चति प्रतारयति तस्मै, वा गमनशीलाय रुद्राय (नमः) नमोऽस्तु। (परिवञ्चते) सर्वतो गमनशीलाय वा सर्वव्यवहारे धनापह्नवः परिवञ्चनम्। गुप्तचौरा द्विविधाः-रात्रौ वेश्मनि खातादिना द्रव्यहर्तारः, स्वीया एवाऽहर्निशं ज्ञातारो हर्तारश्च। पूर्वे स्तेना उत्तरे स्तायवः। तेषाम् (पतये) पालकाय (नमः) नमोऽस्तु। (निषङ्गिणे) खड्गिने (इषुधिमते) इषुधिस्तूणस्तत्सहिताय (नमः) नमोऽस्तु। (तस्कराणाम्)

प्रकटचोराणाम् (पतये) पालकाय (नमः) नमोऽस्तु। (सृकायिभ्यः) सृकेण वज्रेण सह यन्ति गच्छन्तीत्येवंशीलाः सृकायिणः। तेभ्यः (जिघांसद्भ्यः) हन्तुमिच्छद्भ्यः तेभ्यो रुद्रेभ्यः (नमः) नमोऽस्तु। (मुष्णताम्)क्षेत्रादिषु धान्यानामपहर्तारो मुष्णन्तस्तेषाम् (पतये) पालकाय (नमः) नमोऽस्तु। (असिमद्भ्यः) असियुक्तेभ्य (नक्तञ्चरद्भ्यः) रात्रौ गच्छद्भ्यः रुद्रेभ्यः (नमः) नमोऽस्तु। (विकृन्तानां) विकर्तनशीलानाम् (पतये) पालकाय (नमः) नमोऽस्तु॥ २१॥

भाषार्थ— ठगों के अन्तर्यामी के निमित्त स्वामी को अपना विश्वास दिलाकर व्यवहार में उनको वंचन करने वालों के साक्षी के निमित्त नमस्कार है, गुप्तचरों के पालक के निमित्त नमस्कार है, खङ्गधारी, बाणधारी के अर्थात्-उपद्रव करने वाले के शान्त करने वालों के निमित्त नमस्कार है, प्रकाश चोरों के पालक के निमित्त नमस्कार है, वज्र लेकर चलने वाले हत्याकारी जनों के अन्तर्यामी व उनके रूप रुद्रों के निमित्त नमस्कार है, क्षेत्र आदि से धान्यादि के हरण करने वालों के पालन करने वाले रुद्र के निमित्त नमस्कार है, खड्गधारी रात्रि में फिरने वाले दस्युगणों के हृदय में स्थित के निमित्त नमस्कार है, छेदन करके पराया धन हरने वाले दस्युगण के पालन करने वाले के निमित्त नमस्कार है॥ २१॥

नम ऊष्णीषिण इत्यस्य कुत्सऋषिः। निच्यृदष्टिश्छंदः। रुद्रो देवता। पाठे वि०॥ २२॥

भाष्यम् —(उष्णीषिणे) उष्णीषं शिरोवेष्टनमस्यास्तीत्युष्णीषी तस्मै, (गिरिचराय) गिरौ चरते पर्वतसंचारिणे (नमः) नमोऽस्तु। (कुळुञ्चानाम्) कुंभूमिं क्षेत्रगृहादिरूपां लुञ्चन्ति हरन्ति कुलुञ्चाः तेषाम् (पतये) पालकाय (नमः) नमोऽस्तु। (इषुमद्भ्यः) जनान् भीषयितुं बाणधारिणस्तेभ्यो रुद्रेभ्यः (नमः) नमोऽस्तु। (च) अपि (धन्वायिभ्यः) हे रुद्राः— धनुर्धारिभ्यः (वः) युष्मभ्यम् (नमः) नमोऽस्तु। (आतन्वानेभ्यः) आतन्वन्त्यारोपयन्ति ज्यां धनुषीत्यातत्वानास्तद्रूपेभ्यः (नमः) नमोऽस्तु। (च) अपि (प्रतिदधानेभ्यः) प्रतिदधते सन्दधते बाणं धनुषीति सन्दधानास्तेभ्यः (वो) युष्मभ्यं) (नमः) नमोऽस्तु। (आयच्छद्भ्यः) आयच्छन्त्याकर्षन्ति धनूंषि ते आयच्छन्तस्तेभ्यः (नमः)। (च) अपि (अस्यद्भ्यः) अस्यन्ति क्षिपन्ति बाणानित्यस्यन्तस्तेभ्यः (वः) युष्मभ्यम् (नमः) नमोऽस्तु॥ २२॥

भाषार्थ —उष्णीष (पगड़ी) धारण करने वाले सभ्यगण ग्रामों में विचरने वाले शून्यमस्तगिरि वन में फिरने वाले दोनों प्रकार के दलों के हृदय में स्थित रुद्र के निमित्त नमस्कार है, छल बल कौशल से दूसरे के गृहभूमि आदि हरण करने वालों के पालक के निमित्त नमस्कार है, मनुष्य को डराने को बाण धारण करने वाले और धनुष साथ लेकर चलने वाले वा कुलुञ्चगणों के दमनार्थ बाणधारी आप रुद्र के निमित्त नमस्कार है, कुलुंचों के दमनार्थ धनुष पर ज्या आरोपण करने वाले के निमित्त नमस्कार है और धनुष पर बाण चढ़ाने वाले आप के निमित्त नमस्कार है। कुलुंचों के दमन के निमित्त धनुष को आकर्षण करने वाले के निमित्त नमस्कार है, और बाणों के निक्षेप करने वाले आपके निमित्त नमस्कार है॥ २२॥

नमो विसृजद्भ्य इत्यस्य कुत्स ऋषिः। निच्यृदति-जगती छन्दः। रुद्रो देवता। पाठे वि०॥ २३॥

भाष्यम् —(विसृजद्भ्यः) विमुञ्चन्ति बाणानरिष्विति विसृजन्तः तेभ्यः (नमः)। (च) अपि (विध्यद्भ्यः) शत्रून् ताडयद्भ्यः (वः) युष्मभ्यम्) (नमः) नमोऽस्तु। (स्वपद्भ्यः) स्वप्नावस्थामनुभवद्भ्यः (जाग्रद्भ्यश्च) जाग्रदवस्थावन्तस्तेभ्यो (वः) युष्मभ्यम् नमोऽस्तु। (शयानेभ्यः) सुषुप्त्यवस्थावद्भ्यः (च आसीनेभ्यः) आसते ते आसीना तेभ्यश्च (वो नमः) नमोऽस्तु। (तिष्ठद्भ्यः) स्थितिं कुर्वद्भ्यः (नमः) नमोऽस्तु। (धावद्भ्यः) धावन्ति ते धावन्तो वेगवद्गतयस्तेभ्यः (वो नमः) नमोऽस्तु। परमाद्वैतप्रतिपादनाय स्तुतिः॥ २३॥

भाषार्थ—पापियों के दमनार्थ बाण त्यागने वाले के निमित्त नमस्कार है, और शत्रुओं के लक्ष्य बेधने वाले आप के निमित्त नमस्कार है, और जाग्रत् अवस्था के अनुभवी आपके निमित्त नमस्कार है, सुषुप्ति अवस्थावालों के अन्तर में स्थित आपके निमित्त नमस्कार है, बैठे हुओं के अन्तर में स्थित के निमित्त नमस्कार है, वेगवान् गतिवालों के अन्तर में स्थित आपके निमित्त नमस्कार है॥ २३॥

नमः सभाभ्य इत्यस्य कुत्स ऋषिः। शक्वरी छन्दः। रुद्रो देवता। पाठे वि०॥ २४॥

भाष्यम् —(सभाभ्यः) सभारूपेभ्यः रूद्रेभ्यः (नमः) नमोऽस्तु। (च सभापतिभ्यः) सभायाः पतिभ्यः (वो नमः) नमोऽस्तु। सभादिषु रुद्रदृष्टिः कर्तव्येव तात्पर्यम्। (अश्वेभ्यः) अश्वास्तुरगास्तेभ्यः (नमः) नमोऽस्तु। (अश्वपतिभ्यः) अश्वानां पतिभ्यः (वो नमः) नमोऽस्तु। (आव्याधिनीभ्यः) आविध्यन्तीत्याव्याधिन्यः सेनास्ताभ्यः (नमः)। (च) अपि (विविध्यन्तीभ्यः) विशेषेण विध्यन्तीति विविध्यन्त्यः ताभ्यः (वो नमः) नमोऽस्तु। (उगणाभ्यः) उत्कृष्टा गणाः भृत्यसमूहाः यासां ताः उगणा ब्राह्म्यादयः मातरस्ताभ्यः (नमः) नमोऽस्तु। (च) अपि (तृꣳहतीभ्यः) हन्तुं समर्थाः दुर्गादयस्ताभ्यः (वो नमः) नमोऽस्तु॥ २४॥

भाषार्थ —अब वातसंज्ञक रुद्र जो रुद्रलोक में निवास करते हैं, अद्वैत-प्रतिपादन के निमित्त उनका वर्णन करते हैं—सभारूप रुद्र के निमित्त नमस्कार है। सभा आदि में रुद्र दृष्टि करनी चाहिये। सभापतिरूप आपके निमित्त नमस्कार है, प्रत्येक अश्व के अन्तर में स्थित आपके निमित्त नमस्कार है, और अश्वों के अधिपति आपके निमित्त नमस्कार है। देव-सेनाओं में स्थित आपके निमित्त नमस्कार है, और विशेषकर बेधने वाली देव-सेनाओं में स्थित रुद्र के निमित्त नमस्कार है, और युद्ध में प्रहार करने वाले दुर्गादि में स्थित आपके निमित्त नमस्कार है॥ २४॥

नमो गणेभ्य इत्यस्य कुत्स ऋषिः। भुरिक्छक्वरी छन्दः। रुद्रो देवता। पाठे वि०॥ २५॥

भाष्यम् — (गणेभ्यः) गणः समूहः तत्स्वरूपेभ्यः (नमः)। (गणिपतिभ्यश्च) गणपालकास्तेभ्यश्च (वो नमः) नमस्कारः। (व्रातेभ्यः) नानाजातीयानां संघास्तेभ्यः (नमः)। (च) व्रातपतिभ्यः व्रातपालकास्तेभ्यः (वः) (नमः)। (गृत्सेभ्यः) गृत्सा मेधाविनस्तेभ्यः (नमः)। (च) गृत्सपतयस्तत्पालकास्तेभ्यः (वः) युष्मभ्यम् (नमः)। (विरूपेभ्यः) नग्नमुण्डजटिलादयस्तेभ्यः (नमः)। (विश्वरूपेभ्यः) नानाविधं रूपं विश्वरूपास्तुरङ्गवदनहयग्रीवादयस्तेभ्यः (वः) (नमः)॥ २५॥

भाषार्थ — देवानुचर भूत-विशेषों के निमित्त नमस्कार है, गणों के अधिपति आपके निमित्त नमस्कार है, विशेष गण अथवा अनेक जातियों के समूह

के निमित्त नमस्कार है, वातगणों के अधिपति आपके निमित्त नमस्कार है, बुद्धिमानों के अथवा विषय-लंपट के निमित्त नमस्कार है, और बुद्धिमानों के रक्षक आपके निमित्त नमस्कार है, नग्न-मुण्ड-जटिलादि विकृतरूप के निमित्त वा विविध रूपवालों के निमित्त नमस्कार है, सर्वस्वरूप नानाविधरूप वा तुरंगवदन हयग्रीवादि रूप आपके निमित्त नमस्कार है॥ २५॥

नमः सेनाभ्य इत्यस्य कुत्स ऋषिः। भुरिगतिजगती छन्दः। रुद्रो देवता। पाठे वि०॥ २६॥

भाष्यम् —(सेनाभ्यः) चमूस्वरूपेभ्यः (नमः)। (च) (सेनानिभ्यः) सेनाः नयन्तीति सेनान्यः तेभ्यः (वः) (नमः)। (रथिभ्यः) रथा येषां ते रथिनस्तेभ्यः (नमः)। (च) अरथेभ्यः) रथवर्जिता योद्धारस्तेभ्यः (वो नमः)। (क्षतृभ्यः) रथानामधिष्ठातारस्तेभ्यः (नमः)। (च) संग्रहीतृभ्यः) संग्रहीतारः सारथयस्तेभ्यः (वो नमः)। (महद्भ्यः) जातिविद्यादिभिरुत्क्रष्टास्तेभ्यः (च) (अर्भकेभ्यः) प्रमाणादिभिरल्पा-स्तैभ्यः (वो नमः)॥ २६॥

भाषार्थ —सेनारूप के निमित्त नमस्कार है, सेनापतिरूप आपके निमित्त नमस्कार है, प्रशंसित रथवालों के निमित्त नमस्कार है, रथहीन आपके निमित्त नमस्कार है रथ के अधिष्ठाता के अंतर में स्थित के निमित्त नमस्कार है, और सारथियों के अन्तर में स्थित वा रण-सामग्रीसंग्रहकर्त्ता आपके निमित्त नमस्कार है, ज़ाति, विद्या और ऐश्वर्य में उत्कृष्ट पूज्यरूप के निमित्त नमस्कार है, प्रामाणादि से अल्परूप आपके निमित्त नमस्कार है॥ २६॥

नमस्तक्षभ्य इत्यस्य कुत्स ऋषिः। निच्यृच्छक्वरी छन्दः। रुद्रो देवता। पाठे वि०॥ २७॥

भाष्यम् —(तक्षभ्यः) तक्षाणः शिल्पजातयस्तेभ्यः (नमः)। (च) (रथकारेभ्यः) रथं कुर्वन्तीति रथकारास्तेभ्यः (वः) (नमः)। (कुलालेभ्यः) कुंभकारेभ्यः (नमः)। (च कर्मारेभ्यः) लोहकारेभ्यः (वो नमः) नमोऽस्तु। (निषादेभ्यः) भिल्लेभ्यः (नमः)। (च (पुञ्जिष्ठेभ्यः) पुल्कसादिभ्यः (वो नमः) नमोऽस्तु। (श्वनिभ्यः) शुनो नयन्तीति श्वनयस्तेभ्यः (नमः) नमोऽस्तु। (च मृगयुभ्यः) मृगान् कामयन्त इति लुंब्धकास्तेभ्यः (वो नमः) नमोऽस्तु॥ २७॥

भाषार्थ— काष्ठ की शिल्प विद्या के जानने वालों में व्याप्त के निमित्त नमस्कार, और विमान रथ निर्माणकारी उत्कृष्ट तक्षा के अन्तर में स्थित आपको नमस्कार है, प्रशंसित मृत्तिका के पात्र बनाने वालों में स्थित के निमित्त नमस्कार, और लोहे के शस्त्र बनाने वालों में स्थित के निमित्त नमस्कार है, गिरिचारी भील आदि में स्थित रुद्र के निमित्त नमस्कार, और पक्षिघातक पुल्कस आदि वा संकीर्ण जातियों के अन्तर में व्याप्त आपके निमित्त नमस्कार है, कुत्तों के गले में रस्सी बांधकर धारण करने वालों के अन्तर को जानने वाले के निमित्त नमस्कार है, मृगों की कामना वाले व्याधों के अन्तर में स्थित आपको नमस्कार है॥ २७॥

नमः श्वभ्य इत्यस्य कुत्स ऋषिः। आर्षी जगती छन्दः। रुद्रो देवता। पाठे वि०॥ २८॥

भाष्यम्— (श्वभ्यः) कुक्कुररूपेभ्यः (नमः) नमोऽस्तु। (श्वपतिभ्यः) श्वपालकेभ्यः (वः) युष्मभ्यम् (नमः) नमोऽस्तु। इत उत्तरं रुद्रनामानि। (च भवाय) भवन्ति उत्पद्यन्ते जन्तवोऽस्मादिति भवस्तस्मै (नमः) नमोऽस्तु। (च रुद्राय) रु दुःखं द्रावयतीति रुद्रस्तस्मै (नमः) नमोऽस्तु। (च शर्वाय) पापहारिणे (नमः) नमोऽस्तु। (च पशुपतये) जीवानां पालकाय वा अज्ञान् पाति रक्षतीति पशुपतिस्तस्मै (नमः) नमोऽस्तु। (च नीलग्रीवाय) नीला श्यामा ग्रीवा यस्य स तस्मै, (शितिकण्ठाय) शितिः श्वेतः कण्ठो नीलातिरिक्तभागो यस्य स शितिकण्ठस्तस्मै (नमः) नमोऽस्तु॥ २८॥

भाषार्थ —कुक्कुरों के अन्तर में स्थित के निमित्त नमस्कार है, कुक्कुरों के अधिपति किरातों के अन्तर में स्थित आपके निमित्त नमस्कार है, (यह पूजावाचक श्वः-शब्द है)। जिनसे सब जगत् उत्पन्न होता है उनके निमित्त नमस्कार है, दुःख दूर करने वाले देव के निमित्त नमस्कार है और पाप के नाश करने वाले के निमित्त नमस्कार है, प्राणियों के अधिपति के निमित्त नमस्कार है, नीलवर्ण ग्रीवावाले अथवा नीलवर्ण आकाश में उदित सूर्य्य में स्थित के निमित्त नमस्कार है नीलकण्ठवाले वा मेघसहित आकाश में उदित हुए सूर्य्य के अन्तर में स्थित के निमित्त नमस्कार है॥ २८॥

नमः कपर्दिन इत्यस्य कुत्स ऋषिः। भुरिगतिजगती छन्दः। रुद्रो देवता। पाठे वि०॥ २९॥

भाष्यम् — (कपर्दिने) जटाजूटधारिणे (नमः) नमोऽस्तु। (च व्युप्तकेशाय) मुण्डितकेशाय (नमः) नमोऽस्तु। (च सहस्राक्षाय) बहुनेत्राय (च शतधन्वने) बहुधन्वने (नमः) नमोऽस्तु। (च गिरिशयाय) गिरौ शेते गिरिशयस्तस्मै (च शिपिविष्टाय) विष्णुरूपाय, यद्वा-शिपिषु पशुषु विष्टः प्रविष्टः तस्मै 'पशवो वै शिपिः' इति श्रुतेः। (च मीढुष्टमाय) सेक्तृतमाय यूने परिणामहीनाय (च इषुमते) शरयुक्ताय (नमः) नमोऽस्तु॥ २९॥

भाषार्थ—जटाजूटधारी के निमित्त भी नमस्कार है, मुण्डित केश के निमित्त नमस्कार है, और सहस्रलोचन इन्द्ररूप के निमित्त नमस्कार है, बहुत धनुष धारण करने वाले के निमित्त नमस्कार और सब प्राणियों के अन्तर व्यापक विष्णुरूप के निमित्त नमस्कार है, ("विष्णुः शिपिविष्टः" इति श्रुतेः अथवा पशवो वै शिपिः इति श्रुतेः)। वसुगणों में व्याप्त के निमित्त नमस्कार है। (अथवा यज्ञो वै शिपिः) यज्ञ में अधिष्ठातृ देवतारूप से प्रविष्ट अथवा शिपिः आदित्य मंडलमें स्थित ("शिपयोऽत्र रश्मय उच्यन्ते तैराविष्टो भवति" इति) के निमित्त नमस्कार है और तृप्तिकर्ता मेघरूप से तृप्तिकर्ता वा चार पदार्थों के वर्षा करने वाले के निमित्त और बाणधारी के निमित्त नमस्कार है॥ २९॥

नमो ह्रस्वायेत्यस्य कुत्स ऋषिः। विराडार्षी त्रिष्टुप् छन्दः। रुद्रो देवता। पाठे वि०॥ ३०॥

भाष्यम् —(ह्रस्वाय) लघुप्रमाणकः ह्रस्वः तस्मै (नमः) नमोऽस्तु। (च वामनाय) संकुचितावयवाय (च बृहते) बृहन् प्रौढाङ्गस्तस्मै। (च वर्षीयसे) वर्षीयानतिशयेन वृद्धस्तस्मै (नमः) नमोऽस्तु। (च वृद्धाय) वृद्धो वयसाधिकस्तस्मै (च सवृधे) वर्धन्ते विद्याविनयादिगुणैस्ते वृधः पण्डिताः) क्विप्। तैः सह वर्तत इति सवृत् तस्मै (नमः) नमोऽस्तु। (च अग्र्याय) जगतामग्रे भव अग्र्यस्तस्मै (च प्रथमाय) मुख्याय (नमः) नमोऽस्तु॥ ३०॥

भाषार्थ—अल्प शरीर के निमित्त भी नमस्कार है, और संकुचित अवयव में व्यापृत के निमित्त नमस्कार है, प्रौढाङ्ग के निमित्त नमस्कार है, अतिवृद्ध के

निमित्त नमस्कार है, अवस्था में अधिक के निमित्त नमस्कार है, विद्याविनय आदि गुणयुक्त पंडित के साथ वर्तने वाले युवा के निमित्त नमस्कार है, और मुख्य, सब जगत् में प्रथम प्रादुर्भाव होने वाले के निमित्त नमस्कार है, सब में प्रथम मुख्य के निमित्त नमस्कार है॥ ३०॥

विशेष—आशय यह कि जब सृष्टि नहीं थी तब से आप सबसे प्रथम और अग्र्य कहे जाते हैं। आपको नमस्कार है॥ ३०॥

नमः आशव इत्यस्य कुत्स ऋषिः। स्वराडार्षी पंक्तिश्छन्दः। रुद्रो देवता। पाठे वि०॥ ३१॥

भाष्यम् — (आशवे) जगद्व्यापिने, (च अजिराय) गतिशीलाय (नमः) नमोऽस्तु। (च शीघ्र्याय) वेगवद्वस्तुनि भवः शीघ्र्यः तस्मै, (च शीभ्याय) शीभते कत्थते इति शीभ आत्मश्लाघी। पचाद्यच् तत्र भव इति छान्दसो यत्प्रत्ययः। शीभो जलप्रवाहो वा स्थिरो वा तत्र भवाय (नमः) नमोऽस्तु। (च ऊर्म्याय) कल्लोलेषु भवः ऊर्म्यः तस्मै, (च अवस्वन्याय) अर्वाचीनं गच्छत उदकस्य स्वनो ध्वनिः अवस्वनः तत्र भवाय (नमः)। (च नादेयाय) नद्यां भवो नादेयस्तस्मै, (च द्वीप्याय) द्वीपे भवो द्वीप्यस्तस्मै नमः नमोऽस्तु॥ ३१॥

भाषार्थ —जगत्-व्यापक के निमित्त भी नमस्कार है, गतिशील के निमित्त तथा सर्वत्र व्यापक के निमित्त नमस्कार है, और वेगवाली वस्तुओं में विद्यमान और जलप्रवाह में विद्यमान आत्मश्लाघी वा आत्मरूप के निमित्त नमस्कार है, जलतरंग में होने वाले और स्थिर जलों में विद्यमान के निमित्त नमस्कार है, नदी में होने वाले के निमित्त और द्वीप अर्थात् टापू में होने वाले के निमित्त नमस्कार है॥ ३१॥

गूढार्थ—प्राणों के पुष्ट करने वाले अन्तकरण-चतुष्टय के पुष्ट करने वाले शीघ्रगमनादि सुख की प्राप्ति की लहरें शब्दादि का सुनना, शब्द करना इत्यादि शक्तियों के दाता आपको नमस्कार है, द्वीप-द्वीपान्तरों की शक्ति देने वाले आप को नमस्कार है॥ ३१॥

नमो ज्येष्ठायेत्यस्य कुत्स ऋषिः। स्वराडार्षी त्रिष्टुप् छन्दः। रुद्रो देवता। पाठे वि०॥ ३२॥

भाष्यम् —(ज्येष्ठाय) अत्यन्तं प्रशस्यो ज्येष्ठस्तस्मै, (च कनिष्ठाय) अत्यन्तं युवाऽल्पो वा कनिष्ठस्तस्मै (नमः) नमोऽस्तु। (च पूर्वजाय) पूर्वं जगदादौ हिरण्यगर्भरूपेणोत्पन्नः पूर्वजस्तस्मै, (च अपरजाय) अपरस्मिन्काले प्रलये कालाग्निरूपेण जातः अपरजस्तस्मै (नमः)। (च मध्यमाय) मध्ये भवो मध्यमस्तस्मै देवतिर्यगादिरूपिणे, (अपगल्भाय) अव्युत्पन्नेन्द्रियरूपाय, वा एकगर्भान्तरितोऽपगल्भस्तस्मै (नमः) नमोऽस्तु। (च जघन्याय) जघनं गवादीनां पश्चाद्भागस्तत्र भवो जघन्यस्तस्मै, (च बुध्न्याय) बुध्ने वृक्षादिमूले भवो बुध्न्यस्तस्मै (नमः) नमोऽस्तु॥ ३२॥

भाषार्थ—अति प्रशस्य ज्येष्ठरूप के निमित्त और अतियुवा वा कनिष्ठरूप के निमित्त नमस्कार है, (अर्थात् सृष्टि के आरंभ में जो प्रथम उत्पन्न हुआ उसके अन्तर में भी विद्यमान और उसके पीछे जो कुछ हो रहा है उस सब के हृदय में भी विद्यमान होने से ज्येष्ठ-कनिष्ठ रूप है) और जगत् के आदि में हिरण्यगर्भरूप से उन्पन्न और प्रलयकाल में कालाग्निरूप से होने वाले के निमित्त नमस्कार है। और सृष्टि संसार के अनन्तर देवतिर्यगादिरूप से होने वाले के निमित्त नमस्कार है। और अप्रगल्भ अव्युत्पन्न इंद्रिय-प्रकाश रहित अण्डरूप के निमित्त नमस्कार है और गवादि के पश्चाद्भाग में होने वाले स्वेदज कृमि कीट आदि में वर्तमान के निमित्त नमस्कार है, तथा वृक्षादि के मूल में होने वाले के निमित्त नमस्कार है॥ ३२॥

विशेष —यह अवयव विधायक नमस्कार है॥ ३२॥

नमः सोभ्यायेत्यस्य कुत्स ऋषिः। आर्षी त्रिष्टुप्छन्दः। रुद्रो देवता। पाठे वि०॥ ३३॥

भाष्यम् —(सोभ्याय) सोर्भ गन्धर्वनगरं तत्र भवस्तस्मै, यद्वा सोभ्याः उभाभ्यां पुण्यपापाभ्यां सहितः मनुष्यलोकस्तत्र भवः सोभ्यस्तस्मै; (च प्रतिसर्य्याय) प्रतिसरो विवाहोचितं हस्तसूत्रमभिचारो वा तत्र भवस्तस्मै नमः) नमोऽस्तु। (च याम्याय) पापिनां नरकार्तिदाता तस्मै, (च क्षेम्याय) क्षेमे कुशले भवः क्षेम्यस्तस्मै (नमः) नमोऽस्तु। (च श्लोक्याय) श्लोका वैदिकमन्त्रा यशो वा तत्र भवः श्लोक्यस्तस्मै; (च अवसान्याय) अवसानं समाप्तिर्वेदान्तो वा तत्र भवः तस्मै (नमः) नमोऽस्तु। (उर्वर्य्याय) उर्वरा

सर्वसस्याढ्या भूमिस्तत्र धान्यरूपेण भवस्तस्मै, (च खल्याय) खलो धान्यविवेचनदेशस्तत्र भवस्तस्मै (नमः) नमोऽस्तु॥ ३३॥

भाषार्थ—गन्धर्वनगर में होने वाले अथवा पुण्यपाप सहित वर्तमान मनुष्य लोक में होने वाले ("पुण्येन पुण्यलोकं नयति पापेन पापमुभाभ्यां मनुष्यलोकम्" इति) अथवा पृथिवी लोक में उत्पन्न होने के समय जन्मे बालक के अन्तर देवतारूप के निमित्त भी नमस्कार है, और विवाहादि कार्य में हाथ में बाँधे मंगलसूत्र में विद्यमान के निमित्त नमस्कार है और पापियों को दुःख देने को यम में वर्तमान और कुशल में होने वाले वा परलोक गये हुए प्राणी के कल्याण में विद्यमान के निमित्त नमस्कार है, और इस संसार में यश प्रचार के कारण भूत वा वैदिक मंत्ररूपी यज्ञ में होने वाले को और वेदान्त में स्थित वा जिसके प्रसाद से प्राणी जन्म मृत्यु से छुटकारा पाता है उसके निमित्त नमस्कार है, उपजाऊ भूमि में उत्पन्न हुए धान्यादि के अन्तर में भी विद्यमान के निमित्त नमस्कार है और धान्य विवेचन देश में होने वाले के निमित्त नमस्कार है॥ ३३॥

नमो वन्यायेत्यस्य कुत्स ऋषिः। स्वराडार्षी त्रिष्टुप् छन्दः। रुद्रो देवता। पाठे वि०॥ ३४॥

भाष्यम् —(वन्याय) वने वृक्षादिरूपेण भवो वन्यस्तस्मै (च नमः) नमोऽस्तु। (च कक्ष्याय) कक्षं तृणं वा तत्र भवः कक्ष्यस्तस्मै (नमः) नमोऽस्तु। (च श्रवाय) शब्दरूपाय, (च प्रतिश्रवाय) प्रतिशब्दरूपाय (नमः) नमोऽस्तु, (च आशुषेणाय) आशु शीघ्रा सेना यस्य सः तस्मै, (च आशुरथाय) शीघ्रो रथो यस्य सः आशुरथस्तस्मै (नमः)। (च शूराय) युद्धधीराय, (च अवभेदिने) अवभेदी अर्वाचीनं भेत्तुं शीलमस्येति अवभेदी तस्मै (नमः) नमोऽस्तु॥ ३४॥

भाषार्थ—वन में वृक्षादिरूप से होने वाले के निमित्त वा घर में विद्यमान को भी नमस्कार है, और तृणवल्ली में होने वाले के निमित्त नमस्कार है, शब्दरूप वा ध्वनि में वर्तमान के निमित्त नमस्कार है, और प्रतिध्वनि में विद्यमान के निमित्त नमस्कार है, शीघ्र चलने वाली सेना की श्रेणी में विद्यमान के निमित्त नमस्कार है, और शीघ्र चलने वाले रथों की श्रेणी में विद्यमान के निमित्त नमस्कार है, युद्ध, विशारदों के हृदय में विद्यमान के निमित्त, और शत्रु का हृदय वेधने वाले शस्त्र में भी विद्यमान के निमित्त नमस्कार है॥ ३४॥

ॐ नमो विल्मिन इत्यस्य कुत्स ऋषिः। स्वराडार्षी त्रिष्टुष् छन्दः। रुद्रो देवता। पाठे वि०॥ ३५॥

भाष्यम्— (बिल्मिने) विल्ममस्यास्तीति बिल्मी, बिल्मं शिरस्त्राणमस्यास्तीति बिल्मी तस्मै, (च कवचिने) पटस्यूतं कर्पासगर्भं देहरक्षकं कवचं तदस्यास्तीति तस्मै (नमः) नमोऽस्तु। (च वर्मिणे) लोहमयं शरीररक्षकं वर्म तदस्यास्तीति तस्मै, (च वरूथिने) वरूथः रथगुप्तिर्वा सोऽस्यास्तीति वरूथी तस्मै (नमः) नमोऽस्तु। (च श्रुताय) प्रसिद्धाय, (च श्रुतसेनाय) श्रुता प्रसिद्धा सेना यस्य स श्रुतसेनः तस्मै (नमः) नमोऽस्तु, (च दुन्दुभ्याय) दुन्दुभौ भवः दुन्दुभ्यस्तस्मै, (च आहनन्याय) आहनने भव आहनन्यः तस्मै (नमः) नमोऽस्तु॥ ३५॥

भाषार्थ—शिरस्त्राण धारण करने वाले के निमित्त नमस्कार है, वा बेलपत्र धारण से प्रसन्न होने वाले के निमित्त नमस्कार है। और देहावरण स्यूत अंगरखा कवच धारण करने वाले के निमित्त नमस्कार है, बख्तर धारण करने वाले के निमित्त नमस्कार है, रथ का गोपस्थान वा हाथी के ऊपर की अम्बरी में विद्यमान के निमित्त नमस्कार है और प्रसिद्ध के निमित्त नमस्कार है, प्रसिद्ध सेना वाले के निमित्त भी नमस्कार है और रण के वाजे में विद्यमान के निमित्त और वाद्य साधन-दंड होने वाले के निमित्त नमस्कार है॥ ३५॥

भावार्थ—यह संसार बिल्वके तुल्य है, इसमें जल के तुल्य आपकी शीतल वेदवाणी है, आप कवच के समान माया से ऐसे ढके हैं जिस प्रकार शरीर बख्तर से आच्छादित होता है, सद्गुण सत्यविज्ञान धनादि सेनारूप हैं, जिनसे पापादि शत्रु भागते हैं, आपका यश वेदादि में बहुत प्रकार से सुना है, इसी से वेद को श्रुति कहते हैं वह दोषरूपी शत्रु के निवारण करने की सेना है, उसके शब्द दुन्दुभी हैं, जिस सेना से पापादि शत्रुओं का हनन होता है ऐसे आपके निमित्त नमस्कार है॥ ३५॥

नमो धृष्णव इत्यस्य कुत्स ऋषिः। भुरिगार्षी पंक्तिश्छन्दः। रुद्रो देवता। पाठे वि०॥ ३६॥

भाष्यम् —(च धृष्णवे) धृष्णुः प्रगल्भः तस्मै (नमो) नमोऽस्तु। (च प्रमृशाय) पण्डिताय नमः, (च निषङ्गिणे) खड्गयुताय, (च इषुधिमते)

तूणयुताय (नमः) नमोऽस्तु। (च तीक्ष्णेषवे) तीक्ष्णा असह्या इषवो वाणा यस्य सः तीक्ष्णेषुस्तस्मै, (च आयुधिने) आयुधधारिणे (नमः) नमोऽस्तु। (च स्वायुधाय) शोभनायुधाय, (च सुधन्वने) शोभनधनुषे (नमः) नमोऽस्तु॥ ३६॥

भाषार्थ—प्रगल्भरूप अपने पक्ष की रक्षा करने वाले के निमित्त नमस्कार है, विचारशील पंडितरूप वा विपक्षदलन करने वाले के निमित्त नमस्कार है और खड्गधारी के निमित्त नमस्कार है, तरकसयुक्त के निमित्त नमस्कार है, तीक्ष्णबाणधारी के निमित्त और मुद्गरादि आयुध धारण करने वाले के निमित्त नमस्कार है, शोभन आयुध, त्रिशूल, लोह, शिलादि धारण करने वाले के निमित्त नमस्कार है और पिनाक श्रेष्ठ धनुषधारी के निमित्त नमस्कार है॥ ३६॥

नमः स्रुत्यायेत्यस्य कुत्स ऋषिः। निचृदार्षी त्रिष्टुप् छन्दः। रुद्रो देवता। पाठे वि०॥ ३७॥

भाष्यम् —(च स्रुत्याय) स्रुतिः क्षुद्रप्रवाहस्तत्र भवः स्रुत्यस्तस्मै, (च पथ्याय) पथि भवः पथ्यः तस्मै (नमः) नमोऽस्तु। (च काट्याय) काटे भवः काट्यः, कुत्सितम् अटति काटः विषयमार्गः तत्र भवः काट्यः तस्मै, (च नीप्याय) नीचैर्गच्छन्त्यापो यत्र स नीपः निम्नभूमिः तत्र भवः तस्मै (नमः) नमोऽस्तु। (च कुल्याय) कुल्या अल्पा कृत्रिमा सरित् कुलेषु देहेषु वाऽन्तर्यामिरूपेण भवः कुल्यः तस्मै, (च सरस्याय) सरसि भवः सरस्यः तस्मै (नमः), (च नादेयाय) नद्यां भवो नादेयः तस्मै नदीजलरूपाय, (च वैशन्ताय) वेशन्तोऽल्पतरः तत्र भवः वैशन्तः तस्मै (नमः) नमोऽस्तु॥ ३७॥

भाषार्थ—क्षुद्रमार्ग ग्राम की बाट में स्थित के निमित्त और राजमार्ग में होने वाले के निमित्त नमस्कार है, दुर्गम मार्ग में स्थित के निमित्त और पर्वत के नीचे भाग में स्थित के निमित्त नमस्कार है, नहर के मार्ग में स्थित के निमित्त वा देहों में अन्तर्यामी रूप से स्थिर के और सरोवरों में होने वाले के निमित्त नमस्कार है, नदी में जल रूप से स्थित के निमित्त और अल्प, सरोवर गोष्पदादि के जल में स्थित के निमित्त नमस्कार है॥ ३७॥

गर्भित आशय—वेद ही सबके निमित्त सुगम मार्ग है, इसमें चलने से दुःखादि नहीं सताते कारण कि इसमें कंटक नहीं हैं। छोटे बड़े सरोवररूप जो आश्रमों का वर्णन है उनके द्वारा रूद्र प्राप्त होते हैं॥ ३७॥

नमः कूप्यायेत्यस्य कुत्स ऋषिः। भुरिगार्षी पंक्तिश्छन्दः। रुद्रो देवता। पाठे वि०॥ ३८॥

भाष्यम् —(च कूप्याय) कूपे भवः कूप्यः तस्मै, (च अवट्याय) अवटे गर्ते भवः अवट्यः तस्मै (नमः) नमोऽस्तु। (च वीध्र्याय) विशेषेण इध्रं निर्मलं शरदभ्रं तत्र भवो वीध्र्यः। यद्वा-विगत इध्रो दीप्तिर्यस्मात्स वीध्रीः धनागमः तत्र भवाय, (च आतप्याय) आतपे भवः आतप्यः तस्मै (नमः) नमोऽस्तु। (च मेघ्याय) मेघे भवः मेघ्यः तस्मै, (च विद्युताय) विद्युति भवः विद्युत्यः तस्मै (नमः) नमोऽस्तु। (च वर्ष्याय) वर्षे भवो वर्ष्यः तस्मै, (च अवर्ष्याय) अवर्षे भवोऽवर्ष्यस्तस्मै (नमः) नमोऽस्तु॥ ३८॥

भाषार्थ—कूप में होने वाले के निमित्त और गर्त में होने वाले के निमित्त नमस्कार है, और महाप्रकाश वा घोर अन्धकार में स्थित के निमित्त और धूप वा प्रकाश में होने वाले के निमित्त नमस्कार है, मेघ में होने वाले के निमित्त और बिजली में होने वाले के निमित्त नमस्कार है। और वर्षा की धारा में स्थित के निमित्त, तथा वृष्टि के प्रतिबंध में होने वाले के निमित्त नमस्कार है॥ ३८॥

नमो वात्यायेत्यस्य कुत्स ऋषिः। स्वराडार्षी पंक्तिश्छन्दः। रुद्रो देवता। पाठे वि०॥ ३९॥

भाष्यम् —(च वात्याय) वाते भवः वात्यः तस्मै, (च रेष्म्याय) रिष्यन्ते नश्यन्ति भूतान्यत्रेति रेष्मा प्रलयकालः तत्र भवः रेष्म्यः तस्मै (नमः) नमोऽस्तु। (च वास्तव्याय) वास्तु गृहं तत्र भवः वास्तव्यः तस्मै, (च वास्तुपाय) वास्तु गृहं पाति वास्तुपः तस्मै (नमः) नमोऽस्तु। (च सोमाय) उमासहितः सोमस्तस्मै, (च रुद्राय) दुःखनाशकाय (नमः) नमोऽस्तु। (च ताम्राय) उदयाद्रविरूपेण तस्मै, (च अरुणाय) अरुणरूपाय (नमः) नमोऽस्तु॥ ३९॥

भाषार्थ—वायुप्रवाह में होने वाले के निमित्त नमस्कार है और प्रलय की पवन में होने वाले के निमित्त नमस्कार है। वास्तुगृह में होने वाले के निमित्त और वास्तुगृह के पालने वाले के निमित्त नमस्कार है। चन्द्रमा में स्थित वा उमासहित के निमित्त और दुःखनाशक रुद्ररूप वा अग्निरूप के निमित्त नमस्कार है। सायंकाल के सूर्य में स्थित के निमित्त प्रभातकालीन सूर्य में स्थित के निमित्त

नमस्कार है वा उदयकालीन ताम्र और उदयकाल के उपरान्त कुछ रक्तरूप सूर्य्य में स्थित के निमित्त नमस्कार है॥ ३९॥

आशय—आयुआदि के परमाणुओं को एकत्र कर पंचीकरण रीति से इस संसार की संपूर्ण वस्तुओं के रचने वाले और सबके रक्षक सोम यव आदि के उत्पादक पापादि दोष निवारण को भयानकरूप अग्नि से तप्तधातु के समान शुद्ध रजोगुण से संसार उत्पादक के निमित्त नमस्कार है॥३९॥

नमः शङ्गव इत्यस्य परमेष्ठी प्रजापतिर्देवा ऋषयः। भुरिगतिशक्वरी छन्दः। रुद्रो देवता। पाठे वि०॥ ४०॥

भाष्यम् —(शङ्गवे) शं सुखं गमयतीति शङ्गुः, सुखरूपा गावो वाचो वेदरूपा यस्येति वा तस्मै, (च पशुपतये) प्राणिनां पालकाय (नमः) नमोऽस्तु। (च उग्राय) शत्रून् हन्तुमुद्गूर्णायुधाय, (च भीमाय) भीमः शत्रुभयोत्पादकः तस्मै (नमः) नमोऽस्तु। (च अग्रे वधाय) अग्रे स्थितो हन्तीति अग्रेवधः तस्मै, (च दूरे वधाय) दूरे स्थितो हन्तीति दूरेवधः तस्मै (नमः) नमोऽस्तु, (च हन्त्रे) हननकर्त्रे लोके यो हन्ति तद्रूपेण रुद्र एव हन्तीत्यर्थः। (च हनीयसे) अतिशयहननकर्त्रे (नमः) नमोऽस्तु। (च (हरिकेशेभ्यः) हरिता वर्णा केशा इव येषां तेभ्यः, (वृक्षेभ्यः) कल्पतरुरूपेभ्यः (नमः); (च ताराय) तारयति संसारमिति तारः तस्मै (नमः) नमोऽस्तु॥ ४०॥

भाषार्थ—कल्याणरूप वेदवाणी वाले के निमित्त नमस्कार है और प्राणियों के पालक के निमित्त नमस्कार है, शत्रुओं के मारने को कठिन आयुध उठाये कठिन अन्तःकरण वाले के निमित्त और शत्रुभय उत्पादक भयानक दर्शन के निमित्त नमस्कार है, सन्मुख के शत्रु का वध करने वाले के निमित्त और दूर के शत्रु का वध करने वाले के निमित्त नमस्कार है, मारने वाले के रूप में स्थिर स्थावर पदार्थ के लयकारी के निमित्त नमस्कार है और अतिशयहन्ता सदा को मृत्यु का अभाव करने वाले के निमित्त नमस्कार है हरे पत्तेरूप केश वाले कल्पतरुरूप के निमित्त नमस्कार है, संसार के तारने वाले ॐकार रूप के निमित्त नमस्कार है॥ ४०॥

नमः सम्भवायेत्यस्य परमेष्ठी ऋषिः। रुद्रो देवता। पाठे वि०॥ ४१॥

भाष्यम् — (शम्भवाय) शं भवत्यस्मादिति शम्भवः। यद्वा शं सुखरूपश्चासौ भवः संसाररूपश्च मुक्तिरूपो भवरूपश्च आनन्दविज्ञानघनरूपश्च तस्मै (नमः) नमोऽस्तु। (च मयोभवाय) सुखरूपाय, (च शंकराय) शं करोतीति शंकरः तस्मै लौकिकसुखकराय (नमः) नमोऽस्तु। (च मयस्कराय) मयः मोक्षसुखं करोतीति मयस्करस्तस्मै, (च शिवाय) कल्याणरूपाय (नमः), (च शिवतराय) निर्विकाराय निरतिशयसर्वबीजाय भक्तानपि निष्पापान् करोतीत्यर्थः; तस्मै (नमः) नमोऽस्तु॥ ४१॥

भाषार्थ—इस लोक के कल्याणकारी जिनसे सुख होता है अथवा सुखरूप, संसाररूप और मुक्तिरूप के निमित्त नमस्कार है, संसार सुखदाता पारलौकिक कल्याण के आकारके निमित्त नमस्कार है, लौकिकसुख करने वाले के निमित्त नमस्कार है और मोक्षसुख करने वाले के निमित्त नमस्कार है, कल्याणरूप निष्पाप के निमित्त नमस्कार है और भक्तों के अत्यन्त कल्याणकारक और निष्पाप करने वाले के निमित्त नमस्कार है।

विशेष—स्रक्चंदनादि रूप से लौकिकसुख तथा शास्त्रज्ञान से मोक्षसुख देने वाले हैं॥ ४१॥

नमः पार्य्यायेत्यस्य परमेष्ठी प्रजापतिर्देवा ऋषयः। निच्यृदार्षी त्रिष्टुप् छन्दः। रुद्रो देवता। पाठे वि०॥ ४२॥

